# गदंगी व अतिक्रमण करने पर 15000 का जुर्माना

रतलाम । दिलीप नगर क्षेत्र में श्याम कबाड़ी द्वारा गंदगी व अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने संबंधित पर 15000 का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी।

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियाँ आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

नवभारत २०/७/२१

# गंदगी मिलने पर वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्रवाई

रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद हैं। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश

स्वदेश २०/७/२१

# श्याम कबाड़ी पर 15000 का जुर्माना

रतलाम ● दिलीप नगर क्षेत्र में श्याम कबाड़ी द्वारा गंदगी व अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने संबंधित पर 15000 का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी। स्वदेश

स्वदेश/२०/७/२१

# श्याम कबाड़ी पर 15 हजार का जुर्माना

रतलाम। दिलीप नगर क्षेत्र में श्याम कबाड़ी द्वारा गंदगी व अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने संबंधित पर 15 हजार का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी। प्रसारण

प्रसारण २०/७/२१

**वैक्सीनेशन** • कई वैक्सीनेशन केंद्रों पर रही लंबी कतार... सेकंड डोज 1 घंटे में ही खत्म, टीके के लिए उज्जैन जिले से भी रतलाम में पहुंचे लोग

# शहर के टीकाकरण केंद्रों पर 50 प्रतिशत ग्रामीण लोग वैक्सीन के लिए आए

- स्लॉट बुकिंग में ग्रामीण का जोर...
- शहर में 7874 लोगों ने लगवाए टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम के वैक्सीनेशन केंद्रों पर इस बार नजारा अलग रहा। अब तक शहर में शहर के लोगों को ही टीके लग रहे थे लेकिन सोमवार को टीकाकरण केंद्रों पर 50% ग्रामीण लोग भी वैक्सीन लगवा गए। दरअसल ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि स्लॉट बुकिंग का सिस्टम था। ऐसे में वैक्सीन की कमी से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भी मौका नहीं गंवाया।

शहर में सोमवार को 100% से ज्यादा टीकाकरण हो गया। केंद्रों पर पहला डोज स्लॉट बुकिंग के आधार पर ही लगाया गया था। अब तक शहर के केंद्रों में ग्रामीण के लोगों को वैक्सीन नहीं लग रही थी लेकिन स्लॉट बुकिंग होने के कारण सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में टीका लगवाने पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक 50% लोग ऐसे ही थे जो आसपास के गांव से वैक्सीन लगवाने आए थे। इधर रतलाम से लगे उज्जैन जिले के खाचरौद सहित अन्य क्षेत्र के लोग भी टीका लगवाने के लिए केंद्रों पर पहुंचे।

**उत्साह का असर : वैक्सीन का स्टॉक खत्म हुआ, शहर में बुकिंग से ही लगेंगे टीके**



80 फीट रोड स्थित केंद्र पर इस तरह टीकाकरण के लिए लोगों का उत्साह नजर आया।

**अब 22 जुलाई को लगेगी वैक्सीन**

22 जुलाई को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए राज्य स्तर से पहले ही आदेश जारी हो चुके हैं। अभी जिले में वैक्सीन का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। कितने डोज लगेंगे, यह वैक्सीन मिलने पर ही निर्भर रहेगा। उस दौरान भी व्यवस्था ऐसी ही रहेगी यानी शहर में स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीके लगाए जाएंगे।

### दो केंद्र बनाए थे, दोनों पर भीड़, सेकंड डोज के लिए लोग होते रहे परेशान

सेकंड डोज लगवाने के लिए सोमवार को लोगों को परेशान होना पड़ा। इसके लिए दो केंद्र बनाए गए थे। दोनों ही केंद्रों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। नतीजा ये था कि केंद्र खुलने के 1 घंटे में ही सभी टोकन बट गए। वहीं दोपहर 2 बजे तक सभी लोगों को वैक्सीन भी लग चुकी थी। टोकन बटने के बाद पहुंचने वाले लोग एक केंद्र से दूसरे केंद्र पर ही भटकते रहे।

### को-वैक्सीन के लिए भी होती रही पूछताछ, लोग फिर हुए निराश

इधर को-वैक्सीन के लिए भी लोग परेशान होते रहे। शहर के अलग-अलग केंद्रों पर लोग वैक्सीन लगवाने पहुंचे लेकिन वैक्सीन नहीं लग सकी। शहर में 3 जुलाई के बाद से ही को-वैक्सीन का डोज नहीं लगा है। ऐसे में लोग परेशान हैं।

भास्कर

दे.भास्कर 20/7/21

# अब तक 3405 आयुष्मान कार्ड बनाए

**रतलाम** ● आयुष्मान भारत निरामयम योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कॉलोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पूजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर की उचित मूल्य की दुकानों पर 14 जुलाई को 199, 15 जुलाई को 236, 16 जुलाई को 204, 17 जुलाई को 8, 18 जुलाई को 215 कार्ड बनाए गए। इससे पूर्व वार्डवार गठित दलों द्वारा 2543 कार्ड बनाए गए थे। इस तरह अब तक 3405 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। स्वदेश

स्वदेश/20/7/21

## लगातार दूसरे साल ईदगाहों में नहीं होगी नमाज

रतलाम

**रतलाम**। ईदुज्जुहा का पर्व 21 जुलाई को परंपरागत तरीके से कोरोना गाइड-लाइन का पालन करते हुए मनाया जाएगा। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया कि कोरोना के कारण लगातार दूसरे वर्ष भी दोनों ईदगाहों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। मस्जिदों में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रातः 9:00 बजे तक नमाज अदा की जाएगी। ईद के सभी कार्यक्रम और मिलन समारोह निरस्त रहेंगे। इससे पहले लगभग 100 वर्ष पूर्व 1919 और 20 में भी कालाजार बुखार की महामारी फैली थी, जिसके चलते ईद की नमाज ईदगाह में निरस्त रही थी। समाजजन घरों में रहकर ही ईद की बधाई मोबाइल द्वारा एक-दूसरे को देंगे और सामाजिक दूरी बनाए रखेंगे। नमाज के पश्चात कोरोना के खात्मे के लिए पूरे जिले में और देश में दुआ की जाएगी।

नईदुनिया 20/7/21

## 75 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम

**रतलाम**। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 75 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 34665, काम्पेक्टर सूखा कचरा 24455, काम्पेक्टर गीला कचरा 14265, मैजिक से 2110 किलो इस तरह कुल 75495 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया/20/7/21

# जारी रहेगा किल कोरोना सर्वे ...केरल, महाराष्ट्र से आने वालों की होगी मॉनिटरिंग

रतलाम। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में किल कोरोना सर्वे सतत जारी रहे। केरल तथा महाराष्ट्र से आने वाले व्यक्तियों की मॉनिटरिंग की जाना है। उन प्रदेशों में कोरोना के ज्यादा मामले देखने में आ रहे हैं। मास्क का उपयोग नहीं करने

## ▸ कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली

वालों के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में योजनाओं, कार्यक्रमों की प्रगति से अवगत हुए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्मरण कराना आवश्यक है कि कोरोना अभी गया नहीं है। कोरोना प्रोटोकॉल का शादी, ब्याह में पालन नहीं होने संबंधित आयोजक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद पंचायत पिपलोदा सबसे आगे हैं। वहां 92 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जबकि इस मामले में खासतौर पर जनपद सैलाना तथा बाजना को परफॉर्मेंस सुधारने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण की कमजोर प्रगति पर कलेक्टर ने चिंता व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त, शहर एसडीएम तथा महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संयुक्त प्रयासों द्वारा शहर में कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाएं। कम से कम 1 हजार कार्ड रोजाना बनाए जाएं। कलेक्टर ने समीक्षा में पाया कि रतलाम जनपद पंचायत क्षेत्र में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में ठीक कार्य हुआ है। कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक के रोल को महत्वपूर्ण मानते हुए उनकी आईडी बनाने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा ज्यादा आयुष्मान कार्ड बन सके। कलेक्टर ने रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रगति के लिए उन वार्ड पर फोकस करने के निर्देश दिए जहां ज्यादा संख्या में पात्र व्यक्ति निवासरत है। निगमायुक्त को शहर में कार्ड निर्माण केंद्रों की संख्या में वृद्धि के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी उपस्थित थे।



**संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा:** बैठक में संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 137 हितग्राहियों को ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। पुराने लक्ष्य में 245 में से 37 को वितरण किया गया, नए लक्ष्य में 94 हितग्राहियों को वितरित किया जा चुका है। योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने प्रगति लाने के लिए सीईओ जिला पंचायत को बैंकर्स की बैठक लेने के निर्देश दिए।

**विद्युत वितरण कंपनी को सतत विद्युत आपूर्ति के निर्देश:** कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री वर्मा को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में बिजली की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पिछले कुछ दिनों में विद्युत उपलब्धता में बाधा के कारण शहर में जलापूर्ति में व्यवधान देखने में आया है। निगमायुक्त ने बताया कि बिजली जाने से शहर में जलापूर्ति में कई बार बाधा का सामना करना पड़ा है।

**कोविड-बाल कल्याण योजना की समीक्षा :** कलेक्टर ने शासन की कोविड बाल कल्याण योजना की समीक्षा की। बताया गया कि जिले में योजना के तहत 37 बच्चों को सूचीबद्ध किया गया है। कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा को निर्देश दिए कि सभी 37 बच्चों का डेटाबेस तैयार करें, प्रत्येक बच्चे की फाइल बने। विभाग का परियोजना अधिकारी नियमित रूप से बच्चों की मदद एवं सुविधा

### राशन वितरण में गड़बड़ी पर एसडीएम सीधे जिम्मेदार

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर राशन में कालाबाजारी नहीं हो या सुनिश्चित किया जाए, किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर संबंधित एसडीएम सीधे जिम्मेदार रहेंगे। किसी दुकान पर कालाबाजारी की जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी जिसमें आरोपी को सीधे जेल भेजा जाता है। अब तक जिले में ऐसे दो व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

नवभारत 20/7/21

**अड़चन** • नगर निगम की कार्रवाई को लेकर एसबीआई का विरोध, उच्च अधिकारियों को दी जानकारी

# 18 मीटर बताकर 14 मीटर रोड बना रहा निगम, एकतरफा अधिग्रहण, कोर्ट जाएगा एसबीआई

## बैंक ने कहा- भेदभाव, नगर निगम को दोनों ओर से भूमि लेना थी लेकिन निजी जगह छोड़ी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

छुट्टी के दिन ताबड़तोड़ कॉन्वेंट तिराहे पर एसबीआई कैंपस की 4 गुणा 58 मीटर जमीन अधिग्रहण के लिए नगर निगम की कार्रवाई को लेकर बैंक विरोध में आ खड़ा हुआ है। प्रबंधन का आरोप है कि नगर निगम ने मास्टर प्लान के अनुसार 18 मीटर चौड़ी सड़क बताई थी। अब सिर्फ 14 मीटर चौड़ाई की ही बना रहा है। यही नहीं अभी मौके पर सिर्फ 10 मीटर है। इसे 18 मीटर करने निगम ने दोनों तरफ चार-चार मीटर जगह लेने को कहा था। इसके विपरीत रविवार को सिर्फ बैंक कैंपस की जमीन का कब्जा लिया गया।

दूसरी तरफ कार्रवाई नहीं की गई। इस भेदभाव तरीके से हुए जमीन अधिग्रहण को लेकर अब बैंक प्रबंधन कोर्ट जाने की तैयारी में है। इसकी चेतावनी वह 7 जुलाई को पत्र लिखकर निगम को दे चुका है। निगम अफसरों का कहना है कि बैंक को बाउंड्रीवॉल हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। उनके नहीं हटाने पर कार्रवाई की गई। उधर सोमवार को बैंक की अधिगृहीत जमीन से पेड़ हटा दिए। साथ ही फोरलेन सड़क बनाने के लिए खुदाई भी शुरू करवा दी है। मंगलवार से रोड का आधार भी बनने लगेगा।

## दूसरी तरफ की चूने की लाइन हटा ली, जमीन के बदले कमर्शियल जमीन दी जाए



सोमवार को बाउंड्रीवॉल हटाकर ली गई जमीन के पेड़ हटाकर खुदाई भी शुरू हो गई है।

जमीन अधिग्रहण को लेकर बैंक प्रबंधन और नगर निगम के बीच विवाद बढ़कर कोर्ट तक गया तो फोरलेन का निर्माण अटक सकता है। निगम को लिखे पत्र में बैंक प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि जून में निगम के इंजीनियरों ने बैंक कॉलोनी वाली तरफ भी लगभग 10 फीट अंदर बाइक शोरूम से लेकर कॉन्वेंट तिराहे तक चूने की लाइन डाली थी। इसे अचानक हटा दिया गया है। इतना ही नहीं साइट प्लान भी कलेक्टर के समक्ष हुई चर्चा के अनुसार नहीं है। इतना ही नहीं निगम द्वारा इस जमीन के बदले कैंपस के पीछे वाली जमीन देने को लेकर भी बैंक को एतराज है। प्रबंधन का कहना है कि निगम ने जो जमीन ली है, वह व्यावसायिक होकर मुख्य मार्ग से लगी है इसलिए बदले में कमर्शियल जमीन ही दी जाए।

### दो बत्ती से कॉन्वेंट तक 720 मी. लंबा बनना है फोरलेन

दो बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तक 720 मीटर लंबा फोरलेन बनना है। इसके लिए दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक सीसी वर्क भी हो चुका है। कॉन्वेंट तिराहे पर 14 मीटर जगह नहीं होने से काम आगे नहीं बढ़ पा रहा था। निगम द्वारा जमीन का अधिग्रहण करने के बाद ठेकेदार ने भी तेजी से काम शुरू कर दिया है। कोई अड़ंगा नहीं आया तो अगले माह तक सीसी वर्क हो जाएगा। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना में सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक फोरलेन बन रहा है। इसमें से दो बत्ती चौराहा तक फोरलेन बन चुका। वर्तमान में दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहे तक का काम चल रहा है।

### बैंक : छुट्टी वाले दिन की कार्रवाई, निगम: नोटिस दिया था

▸ छुट्टी वाले दिन निगम ने अचानक कार्रवाई की। पहले 18 मीटर चौड़ाई की सड़क के लिए दोनों चार मीटर जमीन लेने का बोला था। अब सिर्फ बैंक की जमीन ही ली है। कार्रवाई की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी है। आगे की कार्रवाई वहीं से होगी।

**अरुण कुमार सिंह,** क्षेत्रीय प्रबंधक-एसबीआई

▸ बाउंड्रीवॉल हटाने के लिए बैंक प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया था। उनके द्वारा बाउंड्रीवॉल नहीं हटाने पर भूमि विकास अधिनियम 2012 के नियम 55 (2) के तहत जमीन का अधिग्रहण किया गया। बैंक की सुरक्षा के लिए टीन की अस्थायी बाउंड्री भी बना दी है।

**मनीष तिवारी,** उपयंत्री-नगर निगम

भास्कर

दे. भास्कर 20/7/21

पीएचई के ईई और एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश, शहर में निगमायुक्त ने बिजली को बताया परेशानी का कारण

# शहर के नलों में पेयजलबंदी पर लताड़ कलेक्टर के जिम्मेदारों से सवाल-जवाब

पत्रिका अभियान

पेयजल का मैलापन हो दूर

## पत्रिका में प्रकाशित समाचारों के बाद कलेक्टर ने खुद ही संज्ञान लिया


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को हुई अधिकारियों की बैठक में पानी और इससे जुड़े विभागों का मुद्दा गरमाया रहा। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बिगड़ी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई है, साथ ही पीएचई के ईई सहित एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं पत्रिका द्वारा शहर में पेयजल को लेकर आमजन को हो रही परेशानी के संबंध में प्रकाशित किए गए समाचारों के बाद कलेक्टर ने इस पर भी संज्ञान लिया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से शहर में नियमित रूप से पेयजल वितरण नहीं होने के कारण तलाश हो आयुक्त ने बताया कि बिजली कंपनी की ट्रिपिंग से परेशानी पैदा हो रही है।

निगमायुक्त ने कलेक्टर को बताया कि यदि एक बार 1 मिनट के लिए बिजली जाती है तो 1 घंटे का कार्य बाधित हो जाता है जिससे पेयजल वितरण की व्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है। इस संबंध में कलेक्टर ने जब बिजली कंपनी के अधिकारियों को तलब किया तो वह ठीक से जवाब नहीं दे सके।

लगातार



पत्रिका
प्रकाशित खबर।

कलेक्टर ने एक अधिकारी को यह भी कह दिया कि आप वरिष्ठ हैं, आपको कुछ कहूंगा तो अच्छा नहीं लगेगा इसलिए काम में सुधार लाया जाए।

### प्रदेश में 48 नंबर पर विभाग

रतलाम का पीएचई विभाग पूरे प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण सहित अन्य मामलों को लेकर 48 पायदान पर है। पीएचई की इस हालत को देखकर कलेक्टर ने ईई सहित तीन एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभाग की कार्यप्रणाली को देखकर यह तक कह दिया कि ऐसे अधिकारी मैंने पहली बार देखे हैं। पीएचई की सबसे बेकार टीम मुझे रतलाम में ही मिली है। अधिकारियों ने जब शिकायत निराकरण की बात कही तो कलेक्टर ने कहा कि अब 1 दिन का समय बचा है ऐसे में कैसे शिकायतों का निराकरण होगा।

## पीएंडटी कॉलोनी में रात को रहवासियों ने किया चक्काजाम



रतलाम. लगातार बिजली की कटौती व पेयजल टंकियां समय पर नहीं भरने की समस्या से जूझ रही नगर निगम के खिलाफ अब लोग सड़क पर उतरने लगे हैं। छह दिन तक जिन मोहल्लों में पानी नहीं मिला है वहां पर चक्काजाम होने लगे हैं। नगर निगम से 50 कदम दूर दो मुंह की बावड़ी क्षेत्र के बड़े से लेकर छोटे बच्चे तक निगम के नलकूप पर आकर पानी भर रहे हैं। इन सब के बीच मंगलवार को शहर में चार घंटे देरी से पेयजल मिलेगा।

नगर निगम के जल विभाग के अधिकारियों के अनुसार एक जुलाई से लेकर प्रतिदिन कितनी कितनी बार धोलवाड़ व मोरवानी में बिजली जा रही है समीक्षा कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार कर रहे हैं। सोमवार को जहां शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल वितरण नहीं हुआ वहीं मंगलवार को भी पेयजल की परेशानी रहेगी। धोलावाड़ व मोरवानी क्षेत्र में बिजली की कटौती के चलते पेयजल वितरण दो से लेकर चार घंटे देरी से होगा।

### 9 घंटे में हुआ सुधार

सोमवार शाम को मोरवानी राजपुरा के बीच पेयजल पाइप लाइन फोरलेन बनाने वाली कंपनी की पोकलेन मशीन से टूट गई थी। इसका सुधार कार्य शाम 5 बजे शुरू हुआ तो रात 2 बजे सुधार कार्य पूरा हुआ। 600 एमएम की पाइप लाइन के सुधार में 9 घंटे का समय लगा है। पीएंडटी कॉलोनी में रविवार देर रात चक्काजाम कर दिया था तो सोमवार को आमजन पेयजल के लिए परेशान होता रहा।

मानसून में भी पेयजल समस्या है। सुधार नहीं हुआ तो पूरे शहर में अब आंदोलन किया जाएगा। - **महेंद्र कटारिया**, शहर अध्यक्ष कांग्रेस

बिजली कंपनी के मात्र दस मिनट के फॉल्ट से एक घंटे देरी से पेयजल टंकियां भरती हैं। प्रतिदिन का हिसाब रखा जा रहा है। बेहतरी का प्रयास जारी है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

पत्रिका

पत्रिका / 20/7/21

कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए तेजी लाने के निर्देश

# आयुष्मान कार्ड बनाने में पिपलौदा जनपद पंचायत सबसे आगे

रतलाम। जनपद पंचायत पिपलौदा में 92 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जबकि जनपद सैलाना तथा बाजना को परफार्मेंस सुधारने की जरूरत है। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

शहर में आयुष्मान कार्ड की कमजोर प्रगति पर कलेक्टर ने चिंता व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त, शहर एसडीएम तथा महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संयुक्त प्रयासों द्वारा शहर में कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाएं। कम से कम एक हजार कार्ड रोजाना बनाए जाएं। कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक के रोल को महत्वपूर्ण मानते हुए उनकी आइडी बनाने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा ज्यादा आयुष्मान कार्ड बन सके।

बैठक में संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 137 हितग्राहियों को ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। पुराने लक्ष्य में 245 में से 37 को व नए लक्ष्य में 94 हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया है। योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

## 31 जुलाई के पूर्व प्रत्येक जनपद में रोजगार मेला

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 31 जुलाई के पूर्व जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा जिला स्तर पर वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। आइटीआइ के प्राचार्य तथा महाप्रबंधक उद्योग को निर्देशित किया कि वे अधिकाधिक उद्योगों से चर्चा करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास करें।

## केरल व महाराष्ट्र से आने वालों पर विशेष ध्यान

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में किल कोरोना सर्वे जारी रहे। केरल तथा महाराष्ट्र से आने वाले व्यक्तियों की मानीटरिंग की जाना है। मास्क का उपयोग नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए लोगों को स्मरण कराना आवश्यक है कि कोरोना अभी गया नहीं है।

## टावर निर्माण एनओसी तीन दिन में जारी करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभिन्न दूरसंचार कंपनियों द्वारा टावर निर्माण के लिए आवेदन किए जाते हैं। निजी भूमि पर अनुमति के लिए तीन दिन में एनओसी संबंधित विभाग जारी करें। इसके अलावा रजिस्ट्रार आफिस में अनुबंध का पंजीयन शुल्क भी जमा हो जाए।

## राशन वितरण में गड़बड़ी पर एसडीएम सीधे जिम्मेदार

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर राशन में कालाबाजारी नहीं हो। शिकायत आने पर संबंधित एसडीएम सीधे जिम्मेदार रहेंगे।

नईदुनिया/20/7/21

**सौगात** शासकीय मेडिकल कालेज की लैब में चौथी पीसीआर मशीन लगी

# अब एक दिन में होगी 1300 से 1500 कोरोना सैंपल की जांच

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज की कोरोना टेस्ट लैब में चौथी रियल टाइम पालीमरेज चेन रिएक्शन (आरटीपीसीआर) मशीन आ चुकी है। इसके पहले तीन मशीनों से टेस्टिंग हो रही है। कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए एक और मशीन आ गई है। सैंपल लेने के बाद अब रिपोर्ट जल्दी आ सकेगी और सैंपलिंग की संख्या बढ़ जाएगी। मेडिकल कालेज की माइक्रोबायोलाजी लैब का सेटअप अब ऐसा तैयार हो गया है कि एक दिन में 1300 से 1500 टेस्ट हो सकेंगे।

मालूम हो कि एक आरटीपीसीआर मशीन की लागत 20 से 25 लाख रुपये होती है। इस मान से एक करोड़ लागत की चार मशीनें लग गई। इनके अलावा टेस्टिंग किट और उपकरण की लागत अलग से है। एक टेस्ट पर 150 रुपये तक का खर्च होता है। वर्तमान में रतलाम के साथ मंदसौर और नीमच के सैंपल भी यहीं आ रहे हैं। हर दिन एक हजार के आसपास टेस्ट अभी हो रहे हैं। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि एक और पीसीआर मशीन आ गई है।



सैलाना रोड पर बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज। • फाइल फोटो

**ऐसी होती जांच की प्रक्रिया**

कोरोना संदिग्ध मरीजों का सबसे पहले पालीमर चेन रिएक्शन टेस्ट पीसीआर कराया जाता है। यह एक ऐसी तकनीक है जो डीएनए के एक खंड की प्रतियां बनाता है। पालीमर उन एंजाइमों को दर्शाता है जो डीएनए की प्रतियां बनाते हैं। चेन रिएक्शन यानि डीएनए के टुकड़े कैसे कापी किए जाते हैं। एक से दो और दो से चार में कापी किया जाता है। पहला चरण मानव कोरोना वायरस के सामान्य अनुवांशिक तत्वों का पता लगाने के लिए बनाया जाता है। दूसरा चरण केवल कोरोना वायरस में मौजूद विशिष्ट जीन के परीक्षण के लिए डिजाइन किया गया है। इस मशीन से कोरोना के अलावा स्वाइन फ्लू और अन्य वायरस बीमारियों की जांच की जा सकती है।

**दूसरे दिन एक भी नया पाजिटिव नहीं**

जिले में लगातार दूसरे दिन सोमवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या एक है। जिले में अब तक 17498 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17186 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

नईदुनिया।

नईदुनीया २०/७/२१

# 48 दिन में 18 बार बिजली लाइन में फाल्ट, गड़बड़ाई जल आपूर्ति

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में करीब 15 दिन से जल वितरण व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। अनियमित जलप्रदाय से लोग परेशान हो रहे हैं। सुबह की बजाय शाम को तो कुछ क्षेत्रों में दो से तीन दिन में पानी मिल रहा है। इसकी मुख्य वजह बिजली लाइन में फाल्ट होना बताया जा रहा है। एक जून से 18 जुलाई तक 48 दिन में 18 बार धोलावड़, मोरवानी फिल्टर प्लांट की लाइन में फाल्ट हुए हैं। इससे आपूर्ति चरमरा गई। मामले में नगर निगम प्रशासन ने बिजली कंपनी को पत्र लिख सुधार के लिए कहा है।

सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में बिजली की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। कुछ दिनों में विद्युत उपलब्धता में बाधा के कारण शहर में जलापूर्ति बाधित हुई है। मालूम हो कि 13, 14 व 15 जुलाई को लगातार फाल्ट हुए थे, जिससे मोरवानी फिल्टर प्लांट की मोटरें दो से पांच घंटे तक बंद रही थी। सोमवार को भी फाल्ट हुआ और करीब तीन घंटे तक धोलावड़ से पानी नहीं लिया जा सका।

## कंपनी को लिखा पत्र

- नगर निगम प्रशासन ने बिजली कंपनी से किया आग्रह- सुधार करें
- कंपनी ने नगर निगम के यार्ड में मेंटेनेंस के लिए कहा

" 18 में से छह बार फाल्ट निगम की लाइन में हुए हैं। नौ फाल्ट में पांच से दस मिनट में आपूर्ति सामान्य कर दी गई थी जबकि एक बार मेंटेनेंस के लिए आपूर्ति बंद की थी। निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे भी किया है। निगम के मोरवानी यार्ड की लाइन में भी मेंटेनेंस की जरूरत है।

-ओपी ठाकुर, कार्यपालन यंत्री रतलाम ग्रामीण, बिजली कंपनी

निगम की लाइनों का लगातार मेंटेनेंस होता है। बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए बिजली कंपनी अधिकारियों को पत्र लिखा है।

- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

बिजली कंपनी अधिकारी निगम की आंतरिक बिजली लाइन के पुरानी होने को फाल्ट का कारण बता रहे हैं।

नईदुनिया २०/७/२१

अब बैंक ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाकर जारी किया पत्र

# 18 मीटर के सिटी फोरलेन में प्रभावशाली की दुकान बचाने मास्टर प्लान में कर दिया बदलाव

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।



**रतलाम.** शहर अधोसंरचना योजना अंतर्गत नगर निगम द्वारा दो बत्ती से मित्रनिवास रोड तक बनाए सिटी फोरलेन निर्माण में मास्टर प्लान के अनुसार 18 मीटर चौड़ी सड़क बनना प्रस्तावित था, लेकिन प्रभावशाली लोगों की दुकान व मकान बचाने के लिए निगम ने मास्टर प्लान व सिटी फोरलेन की डिजाइन में बदलाव कर दिया। यह आरोप स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर अरुण कुमार ने नगर निगम आयुक्त को लिखे पत्र में लगाए हैं। पत्र को मीडिया के लिए सोमवार देर शाम जारी किया। निगम व बैंक आमने सामने हो गए है।

पत्र में कलेक्टर, नगर निगम व बैंक के बीच हुए पत्राचार का हवाला आदि देते हुए लिखा है कि सड़क के दोनों तरफ से 4-4 मीटर सड़क लेने की बात की गई थी। इसके लिए चुने की लाइन डाला जाना थी। कलेक्टर के सामने भी यही बात हुई थी। ऐसे में सड़क 18 मीटर की होना थी, लेकिन सिर्फ बैंक के हिस्से की दीवार को तोड़ा गया, इससे सड़क मात्र 14 मीटर की होगी व इससे यातायात जाम होने की समस्या आएगी। बैंक अधिकारियों के अनुसार बाजना बस स्टैंड, सुभाष नगर रोड पर निर्माण के लिए आवास तोड़े जा सकते है तो इस मार्ग पर क्यों आवास क्यों बचाए जा रहे है।

पत्रों का हवाला दियाआयुक्त को लिखे पत्र को मीडिया को जो जारी किया गया इसमे नगर निगम के साथ 6 जून 2020, 18 जून 2020 का उल्लेख करते हुए लिखा है कि इस पत्र में साफ लिखा गया था की दो बत्ती से मित्रनिवास रोड तक बनने वाले सिटी फोरलने में सड़की की न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर रहेगी। इसके लिए दोनों तरफ से 4-4 मीटर भूमि चाही गई है। इन पत्र में सड़क की चौड़ाई 18 मीटर बताई गई, जबकि 5 जुलाई इसी माह जो पत्र लिखा गया उसमे अचानक से 4 मीटर भूमि कम कर दी गई। जबकि एक माह पूर्व 18 जून को जो पत्र लिखा उसमे भी सड़क की चौड़ाई 18 मीटर किया जाना लिखा गया।

हमने आयुक्त का लिखे पत्र में सबकुछ साफ कर दिया है। इनकी मंशा साफ नहीं है। - **अरुण कुमार,** रिजनल मैनेजर, स्टेट बैंक

बैंक ने क्या पत्र लिखा, फिलहाल इसका अध्ययन नहीं किया गया है। पत्र देखने के बाद कुछ कहा जा सकेगा। जहां तक सड़क की चौड़ाई का मामला है, इसके बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहना है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका/

पत्रिका/ २०/७/२१

# जमीन अधिग्रहित, फोरलेन बनाना शुरू

## कान्वेंट तिराहे पर एसबीआइ के आवासीय परिसर का मामला



कान्वेंट तिराहा पर फोरलेन निर्माण के लिए तोड़ी गई बाउंड्रीवाल। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सैलाना बस स्टैंड से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक फोरलेन निर्माण कान्वेंट तिराहे पर चौड़ाई कम होने से नगर निगम ने रविवार को स्टेट बैंक आफ इंडिया के आवासीय परिसर की चार मीटर जमीन अधिग्रहित कर ली। सोमवार को ठेकेदार ने यहां निर्माण तेजी से प्रारंभ कर दिया और शाम तक बैंक कालोनी के दूसरे गेट तक एक हिस्से में खोदाई भी कर दी गई। इसके साथ ही अधिग्रहित जमीन पर लगे पेड़ भी काट दिए गए।

मालूम हो कि निगम ने स्टेट बैंक आफ इंडिया प्रबंधन से चार मीटर जमीन मांगी थी, बैंक से कोई जवाब नहीं मिलने पर अधिग्रहण की कार्रवाई की गई। इधर बैंक प्रबंधन ने सिर्फ बैंक वाले हिस्से की जमीन लेने पर आपत्ति जताते हुए मास्टर प्लान के अनुसार सड़क बनाने के लिए दोनों ओर से चार-चार मीटर जमीन लेने की बात कही है। प्रबंधन कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है,यही वजह है कि अधिग्रहित हिस्से में फोरलेन निर्माण का काम तेज कर दिया गया है। हालांकि निगम ने बैंक प्रबंधन को परिसर से लगे आंबेडकर मांगलिक भवन के पीछे वाले हिस्से में जमीन देने का विकल्प रखा है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सड़क का निर्माण नियमानुसार ही किया जा रहा है।

**मास्टर प्लान में 18 मीटर चौड़ाई, एक हिस्से की जमीन लेना गलत :** मामले में एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार सिंह ने आयुक्त, कलेक्टर को लिख पत्र में अवगत कराया कि लोकेंद्र भवन मार्ग को मास्टर प्लान में 18 मीटर चौड़ा प्रस्तावित किया है। कान्वेंट तिराहे पर 10.25 मीटर जगह होने से भूमि विकास अधिनियम 2012 में एसबीआइ से चार मीटर जमीन ली गई है। इसके बाद भी करीब चार मीटर की चौड़ाई कम रहेगी। केवल बैंक वाले हिस्से में ही एकतरफा जमीन लेना गलत है। यदि यहां 14.5 मीटर चौड़ी सड़क बनी तो स्थायी समस्या हो जाएगी। बैंक की सुरक्षा भी प्रभावित होगी। शहर विकास के लिए बैंक प्रबंधन सहयोग के लिए तैयार है। प्रशासन को 18 मीटर की चौड़ाई के लिए सड़क के दोनों ओर चार-चार मीटर की जमीन समान रूप से लेना चाहिए। निगम ने वैकल्पिक स्तर पर जो जमीन देने का प्रस्ताव दिया है वो जमीन पीछे की है, जबकि ली गई जमीन मुख्य मार्ग से लगी हुई है। पारदर्शितापूर्वक कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में जाना पड़ सकता है।

### दो बत्ती क्षेत्र में सेंट्रल लाइटिंग पोल लगे

सैलाना बस स्टैंड से कान्वेंट तिराहे तक करीब 1.7 किमी लंबी सीसी फोरलेन बनाई जा रही है। इसमें पहले चरण में दो बत्ती चौराहे तक सड़क, ड्रेनेज, फुटपाथ, सेंट्रल लाइटिंग का काम पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में में दो बत्ती से सज्जनसिंह प्रतिमा तक फोरलेन बनाने के बाद अब सेंट्रल लाइटिंग का काम भी शुरू हो गया है। इसके बाद फुटपाथ निर्माण होगा।

नईदुनिया

नईदुनिया 20/7/21